**केमाशिबो/शैक्ष./अ. निदे.(म.सि.)/2026** **दिनांक: 16.04.2026**

**परिपत्र संख्या: शैक्ष-20/2026**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालय के प्रमुख**

**विषय: 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस, 2026 (International Yoga Day-2026) के आयोजन के संबंध में।**

अंतराष्ट्रीय योग दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 21 जून को आयोजित किया जाता है, समग्र स्वास्थ्य, कल्याण और रोग-निवारण स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहित करने हेतु एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। वर्ष 2026 के लिए, आयुष मंत्रालय ने पूरे देश में 12वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस, 2026 को विभिन्न योग-संबंधी गतिविधियों के माध्यम से आयोजित करने की योजना बनाई है जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और IDY कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। यह पहल विद्यार्थी स्वयंसेवा को बढ़ावा देने तथा योग ओलंपियाड के आयोजन को सुगम बनाने का भी लक्ष्य रखती है।

आयुष मंत्रालय ने IDY गतिविधियों के बारे में सम्पूर्ण विवरण और अद्यतित जानकारी के साथ एक पोर्टल बनाया है:- https://yoga.ayush.gov.in/yoga-sangam

इसके अतिरिक्त, IDY 2026 की तैयारियों के तहत, आयुष मंत्रालय के अंतर्गत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा 'योग 365' पहल के अंतर्गत "100 दिनों के निःशुल्क लाइव योग सत्र" आयोजित किए जाएंगे। इस पहल में विशेषज्ञों द्वारा संचालित जीवंत प्रसारण सत्रों के माध्यम से 14 दिनों के संरचित योग अभ्यास चुनौतियां शामिल हैं, जिनमें अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कई अवसर (पार्टिसिपेशन विंडो) प्रदान किए जाएंगे। इन सत्रों का प्रसारण आयुष मंत्रालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी किया जा रहा है, ताकि व्यापक स्तर पर अधिक जनों तक इसका अभिगम सुनिश्चित हो।

उपर्युक्त के संदर्भ में, आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित सुझावात्मक गतिविधियों का आयोजन करें:

1. 'योग 365' के अंतर्गत "100 दिनों के निःशुल्क लाइव योग सत्र" में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पंजीकरण कराने तथा सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
   'योग 365' पहल में भागीदारी हेतु पंजीकरण निम्नलिखित माध्यमों के माध्यम से किया जाए :
   लिंक: https://moa.habit.yoga/
   टोल-फ्री नंबर: 18003157008
2. विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए योग कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन करें तथा उन्हें योग का अभ्यास करने और योग करने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन (मास योग डेमोंस्ट्रेशन) का आयोजन किया जाए।
4. विद्यार्थियों में रुचि उत्पन्न करने हेतु योग विषय पर प्रश्नोत्तरी (क्विज) एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।
5. विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को वर्ष 2026 के IDY के अंतर्गत आयुष मंत्रालय द्वारा **MyGov** प्लेटफॉर्म (https://www.mygov.in/campaigns/international-day-yoga/) पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें, जैसे—अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए विषय सुझाना,"योग माई प्राइड 2026" फोटोग्राफी प्रतियोगिता, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 क्विज, IDY 2026 के अवसर पर ई-पोस्टर प्रतियोगिता, "योग गीत जिंगल" प्रतियोगिता, रील प्रतियोगिता आदि।

6. विद्यालय के ई-न्यूज़लेटर, बुलेटिन, पत्रिका आदि में योग एवं IDY से संबंधित लेख प्रकाशित करें।
7. नमस्ते- योग ऐप: यह ऐप एक समग्र स्वास्थ्य समाधान के रूप में उपयोग किया जाए, जो लोगों को योग से संबंधित जानकारी, योग कार्यक्रमों तथा योग कक्षाओं तक आसानी से अभिगम प्रदान करता हो। यह ऐप शारीरिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी देता है, जैसे—कदमों की संख्या (स्टेप काउंट) और नष्ट की गई कैलोरी।
   ऐप का लिंक:
   https://play.google.com/store/apps/details?id=yogatracker.np.com.yogatracker&hl=en_IN

विद्यालयों द्वारा आयोजित गतिविधियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट, जिसमें फोटोग्राफ भी शामिल हों, नीचे दिए गए लिंक पर अपलोड की जाए:
https://forms.gle/ECsbaJFmN1QhDEJy7

आपसे अनुरोध है कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 का आयोजन वृहद रूप से सफल बनाया जाए।

शुभकामनाओं सहित!

**हस्ता/-**
**(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**

**निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को यह अनुरोध करते हुए प्रति भेजी जा रही है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों तक यह जानकारी पहुँचाए:-**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया,नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विदयालय सोसायटी, कमरा सं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, डाकघर सैनिक विदयालय, नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेश निदेशक (विदयालय), संघ राज्य क्षेत्र, सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111
10. शिक्षा निदेशक, सरकार एएंडएन द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर–744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, काउंसिल सचिवालय, कुरबाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरा तल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची-834004 (झारखंड)

14. निदेशक, संभोता तिब्बतन स्कूल्स सोसाइटी, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश।
15. अपर महानिदेशक नौ सेना, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. निदेशक, नेवी एजुकेशन सोसाइटी, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लॉक-वी, आरके पुरम, नई दिल्ली-110066
18. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव
19. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
20. सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी, केमाशिबो से अनुरोध है कि वे इस परिपत्र को संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तक प्रेषित करें।
21. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव ,केमाशिबो
22. सभी प्रमुख/प्रभारी,केमाशिबो उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
23. प्रभारी आईटी इकाई, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड करें।
24. प्रभारी, पुस्तकालय
25. रिकॉर्ड फ़ाइल

**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**